राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 22 मार्च । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा कल दिनांक 23 मार्च, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर कांग्रेस सदस्यता अभियान की समीक्षा हेतु बैठक लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में चल रहे कांग्रेस सदस्यता अभियान की समीक्षा हेतु कल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय बैठक आहूत की गई है। जिसकी अध्यक्षता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा करेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रदेश के बोर्ड, निगम व आयोगों में नियुक्त अध्यक्ष व उपाध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान एवं निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, प्रदेश कांग्रेस के सभी विभागों व प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्षगण, कांग्रेस सदस्यता अभियान हेतु नियुक्त स्टेट कॉर्डिनेटर व कॉ-कॉर्डिनेटर, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश कॉर्डिनेटर सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी में स्थापित नियंत्रण कक्ष के सदस्यगण भाग लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 22 मार्च। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री शोभाराम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कल दिनांक 23 मार्च, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रातः 11 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, विधायकगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगणों सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter